सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 307 | इंदौर, सोमवार 25 मई, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# सीएम के निर्देश पर पेयजल संकट से निपटने की युद्धस्तरीय तैयारी

## अधिकारियों की छुट्टियां एक माह तक रद्द

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। गर्मी के मौसम में बढ़ते पेयजल संकट को देखते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश सरकार ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुख्य सचिव ने सभी संभाग आयुक्तों, कलेक्टरों, जिला पंचायत सीईओ, पीएचई और नगरीय निकायों के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए समीक्षा बैठक कर जरूरी निर्देश दिए।**

बैठक में प्रदेशभर में पेयजल व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और शिकायतों के त्वरित समाधान पर जोर दिया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि पेयजल संकट से निपटने के लिए युद्ध स्तर पर काम किया जाए। इसके तहत नगरीय निकायों और पीएचई विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की आगामी एक माह तक छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं।

सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रतिदिन संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर



पेयजल आपूर्ति की स्थिति पर नजर रखें। प्रदेश के हर जिले में कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे, जहां रोजाना पेयजल व्यवस्था की मॉनिटरिंग होगी।

जनप्रतिनिधियों और मीडिया से मिलने वाले फीडबैक पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों का 24 घंटे के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने को कहा गया है। शहरी क्षेत्रों में पानी के टैंकरों की सप्लाई पारदर्शी तरीके से मॉनिटर की जाएगी। सभी क्षेत्रों में पानी की टंकियों को समान रूप से भरने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी क्षेत्र के साथ भेदभाव न हो।

ग्रामीण इलाकों में पेयजल व्यवस्था बनाए रखने के लिए सरकार ने 1,500 करोड़ रुपये जारी किए हैं। पंचायतों को पेयजल संबंधी 10 हजार रुपये तक के कार्य सरल प्रक्रिया के तहत तत्काल कराने के अधिकार भी दिए गए हैं। इसके अलावा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के एसओआर में पेयजल संबंधी गतिविधियों को भी शामिल किया गया है। ऊर्जा विभाग को भी निर्देश दिए गए हैं कि जल प्रदाय योजनाओं के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि कहीं भी पेयजल आपूर्ति प्रभावित न हो।

# हिमंत सरकार ने विधानसभा में पेश किया UCC बिल

## विपक्ष का भारी हंगामा, आदिवासी समाज को कानून से पूरी तरह राहत

**गुवाहाटी, (एजेंसी)** असम कैबिनेट की मंजूरी के ठीक दो हफ्ते बाद राज्य सरकार ने सोमवार को विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पेश कर दिया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की ओर से संसदीय कार्य मंत्री अतुल बोरा ने सदन के पटल पर द यूनिफॉर्म सिविल कोड, असम, बिल, 2026 पेश किया। इस बेहद अहम विधेयक पर 27 मई को चर्चा और इसे पारित किए जाने की संभावना है। हालांकि, विपक्षी विधायकों ने असम विधानसभा में यूसीसी विधेयक पेश किए जाने का विरोध किया है। विपक्ष का कहना है कि इसे प्रस्तुत करने से पहले हितधारकों के साथ व्यापक चर्चा होनी चाहिए। इससे पहले 13 मई को मुख्यमंत्री सरमा के दूसरे कार्यकाल की पहली कैबिनेट बैठक हुई थी। तब सरकार ने घोषणा की थी कि 21 से 26 मई तक चलने वाले मौजूदा विधानसभा सत्र के दौरान यह कानून लाया जाएगा। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा था कि कैबिनेट ने समान नागरिक संहिता के मसौदे को मंजूरी दे दी है, जिसे सत्र के अंतिम दिन पेश किया जाएगा।



### कानून के पांच मुख्य आधार

राज्य सरकार के मुताबिक, इस विधेयक के मसौदे को असम की विशिष्ट जनसांख्यिकीय विविधता और सामाजिक ताने-बाने के अनुकूल तैयार किया गया है। यह नया कानून मुख्य रूप से नागरिक समाज से जुड़े पांच बड़े मुद्दों को नियमित करेगा।

## आतंकवाद पर प्रहार

### जम्मू-कश्मीर में एनआईए की बड़ी कार्रवाई, श्रीनगर-शोपियां में कई स्थानों पर छापेमारी

**जम्मू, (एजेंसी)** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआई) ने सोमवार को शोपियां जिले में कई जगहों पर छापेमारी की। एनआईए की टीमें जम्मू-कश्मीर पुलिस और अर्धसैनिक बलों की मदद से श्रीनगर के लाल बाजार इलाके और दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के कई स्थानों पर एक साथ तलाशी अभियान चला रही हैं। एनआईए ने शोपियां के इमाम साहिब स्थित दारुल उलूम जामिया सिराजुल उलूम' पर छापा मारा। यह वही स्कूल है जिसपर हाल ही में प्रशासन ने यूएपीए के तहत कार्रवाई की थी।

# पानी को लेकर बिगड़े हालात सड़कों पर उतरे लोग

## रात में भी कर रहे पानी की जुगाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** पानी को लेकर लगातार हालत गंभीर होते जा रहे हैं। जलसंकट के लिए इधर-उधर भटक रहे लोगों का गुस्सा अब नगर निगम पर निकल रहा है। रविवार को शहर के स्थानों पर पानी को लेकर चक्काजाम और प्रदर्शन हुए और रहवासियों ने अपना गुस्सा जताया। पालदा क्षेत्र में रविवार सुबह कांग्रेस पार्षद कुणाल सोलंकी के साथ लोगों ने सड़क पर प्रदर्शन किया। अचानक लोग उग्र हो गए और उन्होंने वाहनों को रोकना शुरू कर दिया। चक्काजाम को समाप्त करने के लिए पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे, लेकिन रहवासियों का कहना था कि घरों में पानी नहीं है। हमारी बातें नहीं सुनी जा रही हैं। तभी हमें प्रदर्शन का रास्ता चुनना पड़ा। इसके अलावा सुखलिया ग्राम में भी लोगों ने चक्काजाम कर दिया। सुबह पार्षद राजू भदौरिया के साथ वार्ड के रहवासी




पानी की टंकी पर पहुंचे। लोगों ने मेयर के खिलाफ नारेबाजी की और अपना विरोध जताया। रहवासियों का कहना था कि नलों में पानी नहीं आ रहा है और जनप्रतिनिधि टैंकर भी नहीं पहुंचा रहे हैं। जो नेता निजी टैंकरों से पानी बांट रहे हैं, उन्हें भी टंकियों से पानी नहीं भरने दिया जा रहा है। हमें इस्तेमाल का तो दूर, पीने का पानी भी नहीं मिल रहा है। जलसंकट के हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लोग रात को भी पानी के लिए भटकते नजर आ रहे हैं। इंदौर के सुखलिया ग्राम क्षेत्र की पानी की टंकी से पानी भरने के लिए लोगों ने केन की कतार लगा रखी थी। यहां रात एक बजे तक लोग पानी भरने आ रहे हैं। रहवासी रमेश चौहान ने बताया कि वे दिन में नौकरी करने जाते हैं। परिवार की महिलाएं घर से दूर टंकी तक पानी भरने नहीं आ सकती हैं। इस कारण वे नौकरी से आने के बाद रात को पानी भरने आते हैं। गाड़ी में केन भरकर घर ले जाना उनकी दिनचर्या में शामिल हो चुका है। इससे पहले भी कांग्रेस शहर के सभी 22 जोनल कार्यालयों में पानी संकट को लेकर प्रदर्शन कर चुकी है। कई इलाकों में लोग सड़क पर उतरकर चक्काजाम और धरना दे चुके हैं।हाल ही में बड़ी संख्या में लोग पानी दो-पानी दो के नारे लगाते हुए पैदल विधायक रमेश मेंदोला के निवास तक पहुंच गए थे।

### ● पानी संकट के 3 मुख्य कारण

पार्षद कुणाल सोलंकी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अनुसार, शहर में पानी की किल्लत के पीछे मुख्य रूप से तीन बड़ी वजहें हैं।

**नर्मदा लाइन का न होना**: वार्ड-75 और आसपास की कई नई कॉलोनियों व मोहल्लों में अब तक नगर निगम द्वारा नर्मदा जल की पाइपलाइन नहीं बिछाई जा सकी है।

**टैंकरों की भारी कमी**: जिन इलाकों में पाइपलाइन नहीं है, वहां लोग पूरी तरह निगम के टैंकरों के भरोसे हैं, लेकिन नगर निगम से पर्याप्त संख्या में टैंकर नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे नियमित सप्लाई ठप है।

**ग्राउंड वॉटर लेवल गिरना**: भीषण गर्मी के कारण बोरिंग सूख चुके हैं, जिससे टैंकरों के अलावा पानी का कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा है।

# 1040 बोतल पैकेज्ड पेयजल जब्त, जांच हेतु नमूने लिए गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन, इंदौर द्वारा ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेय पदार्थों एवं खुले बाजारों में विक्रय किए जा रहे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच हेतु सतत कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा प्राप्त शिकायत के आधार पर ग्राम टिकरिया राव स्थित एक्वा विंग पैकेज ड्रिंकिंग वॉटर पर कार्रवाई की गई।**



निरीक्षण के दौरान मौके पर यश प्रेमचंदानी उपस्थित मिले। जांच में पाया गया कि प्रिंटिंग मशीन खराब होने के कारण पानी की बोतलों पर बैच नंबर एवं निर्माण/उपयोग संबंधी आवश्यक जानकारी अंकित नहीं की जा रही थी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा पानी के नमूने जांच हेतु लिए गए तथा बिना बैच एवं दिनांक अंकित 1040 बोतलें मौके से जब्त की गईं। साथ ही संबंधित विक्रेता का कारोबार प्रिंटिंग मशीन पुनः चालू होने तक तत्काल प्रभाव से बंद करवाया गया।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण कार्रवाई के दौरान लगातार यह पाया जा रहा है कि कई खाद्य प्रतिष्ठानों में वैध खाद्य लाइसेंस अथवा पंजीयन उपलब्ध नहीं होता या उपलब्ध लाइसेंस संबंधित खाद्य कारोबार की प्रकृति के अनुरूप नहीं होता। कलेक्टर वर्मा ने समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को अंतिम चेतावनी देते हुए निर्देशित किया है कि वे वैध खाद्य लाइसेंस अथवा पंजीयन प्राप्त कर ही खाद्य कारोबार संचालित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि खाद्य लाइसेंस अथवा पंजीयन को प्रतिष्ठान में स्पष्ट एवं उचित स्थान पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किया जाए। कलेक्टर वर्मा ने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि यदि किसी खाद्य प्रतिष्ठान में लाइसेंस प्रदर्शित नहीं पाया जाता अथवा किसी प्रकार की अनियमितता या मिलावट प्रतीत होती है, तो उसकी शिकायत कलेक्टर हेल्पलाइन 0731-181 पर अवश्य दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा त्वरित जांच एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## आरोग्य भारती ने 4 संस्थाओं के साथ नेत्र परीक्षण शिविर लगाया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। आरोग्य भारती इंदौर महानगर द्वारिका जिला, तुलसीदास सरयूपरिण ब्राह्मण समाज महिला समिति, जैन श्वेतांबर सीनियर सिटीजन सोशल ग्रुप एवं चोइथराम नेत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क मोतियाबिंद आपरेशन शिविर हंसदास मठ में लगाया गया।**

निः शुल्क नेत्र शिविर में शिविर में 87 मरीजों ने अपनी आंखों की जांचे कराई और 11 मरीजों में मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई। जिनके निःशुल्क मोतियाबिंद आपरेशन चोइथराम नेत्रालय अस्पताल में होंगे। साथ ही 65 मरीजों को नजर के चश्मे भी दिए गए । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महा मंडलेश्वर महंत पवन शर्मा, आरोग्य भारती मालवा प्रांत कार्याध्यक्ष वैद्य लोकेश जोशी थे। शिविर प्रभारी श्रीमती रेखा त्रिपाठी डॉ. रजनी पाण्डेय, मीना काले, रश्मि तिवारी, जगराती दुबे का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में विशेष अतिथि आरोग्य भारती इंदौर महानगर द्वारिका जिला अध्यक्ष डॉ. आरएन मिश्रा जी, योग आयाम महानगर संयोजक वीरसिंह यादव, रिटा. टीआई शिवमूरत यादव, मीडिया प्रभारी राजेश यादव, केसी जैन, रोशन सिंह चौहान, सरयूपरिण ब्राह्मण समाज से एडवोकेट विनोद द्विवेदी, सचिव राजा तिवारी, शंभूनाथ शुक्ला, कन्नू मिश्रा, डॉ. निलेश दुबे, तीजसिंह चौहान, पंकज काले सहित साथीगण उपस्थित थे।

# इंदौर में महिलाओं ने चलती ट्रेन में मनाई किटी पार्टी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शनिवार को एक बेहद अनोखा और अलग तरह का सामाजिक आयोजन देखने को मिला। यहां महिलाओं के एक बड़े समूह ने चलती मेट्रो ट्रेन के भीतर ही किटी पार्टी का आयोजन किया। गांधी नगर स्टेशन से लेकर सुपर कॉरिडोर स्टेशन-3 के बीच चल रही मेट्रो ट्रेन में कुल 48 महिलाओं ने एक साथ सफर किया। इस दौरान महिलाओं ने मनोरंजन, मधुर संगीत और विभिन्न खेलों के साथ बेहद खास और खुशनुमा अंदाज में समय बिताया। सुखलिया क्षेत्र के दीनदयाल नगर की महिलाओं के एक सक्रिय समूह ने इस पूरे आयोजन को किया। इस समूह का नाम "हाउस ऑफ क्वींस" है। महिलाओं ने इस कार्यक्रम को "मॉम्स इन मेट्रो" थीम पर आयोजित किया था। इस खास सफर के लिए मेट्रो कोच को रंग-बिरंगे गुब्बारों से बेहद खूबसूरत तरीके से सजाया गया था। यात्रा के दौरान सभी महिलाओं ने अलग-अलग मनोरंजक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे



सफर में संगीत, खेल और हंसी-मजाक का माहौल बना रहा। महिलाएं अपने घरों से पैक किया हुआ भोजन भी साथ लेकर आई थीं। सफर का आनंद लेते हुए सभी ने एक-दूसरे के साथ खाना साझा किया। मेट्रो के अंदर यह आयोजन यात्रियों और सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बना रहा। इंदौर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के मुताबिक, मेट्रो कोच को निजी आयोजनों के लिए बुक कराने में लोगों की रुचि लगातार बढ़ रही है। निगम को इस तरह की बुकिंग को लेकर हर दिन 10 से 15 पूछताछ और आवेदन मिल रहे हैं। सबसे ज्यादा मांग बच्चों के जन्मदिन समारोह, महिलाओं की किटी पार्टी और शादी से पहले होने वाले प्री-वेडिंग फोटोशूट जैसे आयोजनों के लिए सामने आ रही है। दूसरी ओर, शहर के कुछ प्रबुद्ध नागरिकों ने मेट्रो के सीमित संचालन और अब तक पूरी तरह व्यावसायिक सेवा शुरू नहीं होने को लेकर सवाल भी उठाए हैं। उनका कहना है कि इंदौर मेट्रो शहर का एक बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट रहा है, जिसका सपना शहरवासियों को करीब दो दशक पहले दिखाया गया था। अब जाकर इसका संचालन शुरू हुआ है, लेकिन अभी भी इसके कई हिस्सों का काम अधूरा पड़ा है, जिसे जल्द पूरा किया जाना चाहिए।

### रेडिसन चौराहे तक संचालन शुरू होने का इंतजार

कुछ नागरिकों का कहना है कि प्रधानमंत्री लगातार सार्वजनिक परिवहन के अधिक उपयोग की अपील करते हैं, लेकिन इसके बावजूद इंदौर मेट्रो का व्यावसायिक संचालन अभी तक रेडिसन चौराहे जैसे प्रमुख मार्गों तक शुरू नहीं हो पाया है। इस देरी की वजह से बड़ी संख्या में आम यात्रियों को इसका पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। शहर की जनता अब इंदौर मेट्रो के नियमित और पूर्ण सार्वजनिक परिवहन सेवा के रूप में शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रही है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आज इंदौर जिले में होंगे गंगा दशहरा कार्यक्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर संचालित "जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत इंदौर जिले में गंगा दशहरा के अवसर पर 25 मई को विभिन्न ग्राम पंचायतों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य जल स्त्रोतों का संरक्षण, संवर्धन एवं जनभागीदारी के माध्यम से जल के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में इंदौर जिले की चयनित ग्राम पंचायतों में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं स्वच्छता आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत बावड़ियों, तालाबों एवं अन्य जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, दीपदान, कलश यात्रा, भजन-कीर्तन, लोकगीत एवं जल संरक्षण विषयक व्याख्यान आयोजित होंगे। जनपद पंचायत इंदौर की ग्राम पंचायत तिल्लौर खुर्द स्थित बावड़ी में जनभागीदारी से जीर्णोद्धार, दीपदान, कलश पूजन, भजन गायन तथा पंचायत क्षेत्र के समस्त जल स्त्रोतों की साफ-सफाई की जाएगी। इसी तरह जनपद पंचायत महू की ग्राम पंचायत जामखुर्द में देवी अहिल्या जी द्वारा निर्मित प्राचीन बावड़ी पर गंगाजल यात्रा एवं पूजन, बावड़ी की साफ-सफाई, गाद निकासी एवं जीर्णोद्धार कार्य के साथ महिलाओं द्वारा पारंपरिक लोकगीत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जनपद पंचायत सांवेर की ग्राम पंचायत बरलाई जागीर स्थित अहिल्या कुंड परिसर में जलाशय परिक्रमा, दीपदान, जल गीतों की प्रस्तुति तथा जल संरचनाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूकता हेतु व्याख्यान आयोजित होंगे। साथ ही अहिल्या कुंड परिसर के इतिहास से भी आमजन को अवगत कराया जाएगा। जनपद पंचायत देपालपुर की ग्राम पंचायत बनेड़िया में चौबीस अवतार मंदिर एवं ग्रामीण तालाब परिसर में कलश यात्रा, जन सहयोग से स्वच्छता अभियान, पाल सुदृढ़ीकरण एवं नाला जीर्णोद्धार संबंधी गतिविधियां संपादित की जाएंगी। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन कार्यक्रमों में सहभागिता कर जल संरक्षण के इस जनअभियान को सफल बनाएं।

## संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। एनसीसी के 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के चतुर्थ दिवस रविवार 24 मई को इन्दौर स्थित ग्रुप मुख्यालय से प्रशिक्षण अधिकारी कर्नल रितेश श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश प्रदान किये। छात्रसैनिकों ने वेपन ड्रिल का अभ्यास किया। साथ ही पाइन्ट 22 राइफल के बारे में विस्तार से जाना। एनएनओ श्वेता शर्मा द्वारा नागरिक सुरक्षा संगठन के विषय में विस्तार से बताया और राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के स्वरूप एवं कार्यों के बारे में बताया। लेफ्टिनेंट संकल्प मिश्र द्वारा क्रियात्मक गतिविधियों के माध्यम से समय प्रबन्धन एवं नेतृत्व कौशल के प्रकार के विषय में विस्तार से प्रकाश डाला गया। जानकारी लेफ्टिनेंट संकल्प मिश्र ने दी।

# पति ने मासूम बेटी के सामने की पत्नी की हत्या, फिर खुद जहर खा लिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मेघदूत नगर में एक युवक ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी और खुद जहर खा लिया। युवक ने मासूम बेटी के सामने ही पत्नी की हत्या कर दी। जब अकेली बच्ची रोने लगी तो आसपास के लोगों को हत्या का पता चला। हत्या की वजह कथित प्रेम संबंध बताए जा रहे हैं। पति अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था। इसी कारण दोनों के बीच विवाद हुआ था। आत्महत्या करने से पहले युवक ने सुसाइड नोट तैयार किया। उसमें लिखा था कि पत्नी ने मुझे धोखा दिया। वह किसी दूसरे युवक से प्यार करती थी। मेघदूत नगर में रहने वाले हल्के वीर पटेल ने अपनी पत्नी रोशनी की जहर खिलाकर हत्या कर दी। हल्के वीर पीथमपुर की



कंपनी में काम करता है। हल्के वीर और रोशनी की शादी पांच साल पहले हुई थी। वह मूलतः होशंगाबाद का रहने वाला है और कुछ साल पहले ही इंदौर आया था। पुलिस जांच में पता चला कि पत्नी रोशनी पीथमपुर के ही सतीश साहू से प्रेम करती थी। यह बात हल्के वीर को पता चली थी। वह अपने एक रिश्तेदार के साथ शनिवार को सतीश से मिलने गया था। वहां से लौटने के बाद रात को पत्नी के साथ उसका विवाद हुआ। सुबह दोनों अपने कमरे में मृत मिले। पुलिस को आशंका है कि पहले पति ने पत्नी का गला घोंट दिया और फिर आत्महत्या कर ली। युवक ने नोट में दोनों के जहर खाने की बात लिखी है, लेकिन रोशनी के गले में निशान मिले हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि हत्या गला दबा कर की गई है। पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेज दिया है। बच्ची के रोने की सुबह छह बजे आवाज आ रही थी। जब वह देर तक चुप नहीं हुई तो पड़ोसी हल्के वीर के घर पहुंचे। दोनों के शव फर्श पर थे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। हल्के वीर ने सुसाइड नोट में लिखा है कि सतीश ने उसके साथ मारपीट भी की। अब पुलिस सतीश से भी पूछताछ करेगी।

# डेंटिस्ट महिला के साथ छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र में एक महिला डेंटिस्ट ने दूसरी बार छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी लंबे समय से उसका पीछा कर परेशान कर रहा है। इससे पहले भी वह आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत कर चुकी है। पुलिस के मुताबिक, क्षेत्र में रहने वाली 30 वर्षीय महिला डॉक्टर की शिकायत पर गितेश सिंह बग्गा के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी आए दिन उसका पीछा करता था। शनिवार रात वह अपने पिता की दुकान पर पहुंची थी, तभी आरोपी वहां भी पहुंच गया और उसे गलत नीयत से घूरने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने अपशब्द कहे और दोनों हाथ पकड़कर अश्लील हरकतें कीं। धक्का देने से महिला गिर गई और उसे चोट भी आई। इसके बाद वह थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं, इसी थाना क्षेत्र में एक भिक्षुक युवती से भी छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। युवती रेलवे स्टेशन के आसपास घूमती है। आरोप है कि एक्टिवा सवार अयाज खान उसे चाय पिलाने के बहाने अपने साथ ले गया और वहां अश्लील हरकत करने लगा। युवती के शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे और उसे बचाया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

# सरवटे बस स्टैंड से नाबालिग को बहला ले गया अयाज

## लोगों की मुस्तैदी से पकड़ा गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर के छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र में एक नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने और उसके साथ गलत हरकत करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अयाज के रूप में हुई है। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब स्थानीय लोगों ने संदिग्ध परिस्थितियों में आरोपी और नाबालिग को देखा तथा तत्काल हस्तक्षेप करते हुए आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार मामला सरवटे बस स्टैंड क्षेत्र का है। देर रात एक व्यक्ति नाबालिग को अपने साथ स्कूटी पर लेकर जाता दिखाई दिया। शक होने पर आसपास मौजूद लोगों ने दोनों को रोक लिया। पूछताछ के दौरान मामला संदिग्ध होने पर वहां मौजूद लोगों ने आरोपी को लेकर सीधे छोटी ग्वालटोली थाने पहुंचे। थाने में पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि आरोपी उसे अपने साथ ले गया था और उसके साथ अनुचित व्यवहार किया। पुलिस अधिकारियों ने पीड़िता के बयान दर्ज किए और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर आरोपी



अयाज के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एडिशनल डीसीपी रामस्नेही मिश्र ने बताया कि देर रात सूचना प्राप्त हुई थी कि एक नाबालिग को एक व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। कुछ जागरूक नागरिकों ने समय रहते हस्तक्षेप कर दोनों को रोका और पुलिस के सुपुर्द किया। जांच के दौरान प्राप्त तथ्यों के आधार पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी अयाज को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# युवती से मिलने पहुंचे नगर सैनिक की पिटाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राजमोहल्ला क्षेत्र में एक युवती से मिलने पहुंचे होमगार्ड के नगर सैनिक की लोगों ने जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान उस पर चोरी का आरोप भी लगाया गया। सूचना मिलने पर मल्हारगंज थाने की एफआरवी मौके पर पहुंची और नगर सैनिक को छत्रीपुरा थाने लाया गया। घटना रविवार शाम करीब 4:30 बजे की है।



छत्रीपुरा पुलिस के मुताबिक, होमगार्ड का नगर सैनिक प्रशांत श्रीवास द्वारकापुरी इलाके का निवासी है। बताया जा रहा है कि वह एच कॉलोनी में एक युवती से मिलने पहुंचा था। इसी दौरान रहवासियों ने उसे पकड़ लिया और मारपीट कर दी। उसके खिलाफ घर में चोरी और छेड़छाड़ के आरोप भी लगाए गए। पुलिस मौके पर पहुंची और नगर सैनिक को अपने साथ थाने ले आई। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारी भी थाने पहुंचे हैं। फिलहाल नगर सैनिक के साथ हुई मारपीट और लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है। नगर सैनिक ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि उसकी मंगेतर के साथ राजमोहल्ला निवासी एक युवक ने मारपीट की थी। वह उसी युवक को तलाशने के लिए यहां आया था। जब वह युवक के घर में पहुंचा तो वहां मौजूद लोगों और आसपास के रहवासियों ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी। इस दौरान बचने के प्रयास में वह भागा और एक नाले में गिर गया। युवती भी द्वारकापुरी इलाके की रहने वाली बताई जा रही है। मामले में एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल ने कहा कि उन्हें घटना की जानकारी मिली है। उनके मुताबिक, जांच के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# 2 बाइकों की टक्कर के बाद युवकों में झगड़ा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** तुकोगंज इलाके का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में रॉन्ग साइड से बाइक टकराने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर विवाद होता दिखाई दे रहा है। काफी देर तक सड़क पर दोनों पक्षों के बीच मारपीट होती रही। हालांकि, वहां से गुजर रहे लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

यह घटना तुकोगंज थाना क्षेत्र के रेसकोर्स रोड के पास शनिवार देर रात की बताई जा रही है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और वीडियो के आधार पर विवाद करने वालों की पहचान की जा रही है। वहीं, इंदौर के गंगवाल बस स्टैंड के पास शनिवार देर रात पुलिस शराब पीकर वाहन चलाने वालों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान करीब डेढ़ बजे गुजरात नंबर की एक कार में सवार चार युवकों ने बैरिकेड्स तोड़कर भागने की कोशिश की। पुलिस ने कुछ दूरी पर कार रोक ली और युवकों को पकड़ लिया। मौके पर थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिसकर्मी पहुंचे और युवकों को थाने ले जाने लगे। इस दौरान युवकों ने शोर मचाते हुए कहा कि पुलिस उन्हें बिना वजह पकड़ रही है। कुछ लोगों ने इस दौरान मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू कर दिया, लेकिन जब उन्हें पता चला कि युवक शराब के नशे में कार चला रहे थे तो वे वहां से चले गए। बाद में सभी युवकों को छत्रीपुरा थाने लाया गया, जहां उनके खिलाफ शराब पीकर वाहन चलाने और प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की गई।

# एमडी ड्रग्स के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने 54.11 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। ये दोनों क्राइम ब्रांच को रोड किनारे खड़े मिले। उन्होंने बैग में ड्रग्स छिपा रखी थी। इस ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 5 लाख 40 हजार रुपए है। टीम ने आरोपियों के पास से ड्रग्स व अन्य सामान मिलाकर 6 लाख रुपए का माल जब्त किया है। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि क्राइम ब्रांच को जानकारी मिली कि पोलोग्राउंड चौराहे के पास तिलकपथ पर दो लोग संदिग्ध हालत में है। जानकारी मिलने पर टीम ने दोनों की घेराबंदी की, दोनों रोड किनारे बैग टांगे खड़े थे। उन्हें पकड़ा और पूछताछ की तो उन्होंने अपने नाम नावेद खान निवासी जबरन कॉलोनी, खाचरोद रोड नागदा और फरहान खान निवासी जबरन कॉलोनी खाचरोद रोड नागदा का होना बताया। जब उनके बैग को चेक किया तो उसने प्लास्टिक की थैली में 54.11 ग्राम एमडी ड्रग्स छिपा रखी थी। टीम ने दोनों को गिरफ्तार किया है।

# 10 दिनों में 9 देहदान, मानवता की मिसाल बना शहर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मां अहिल्या की नगरी इंदौर में मानवता और परोपकार की प्रेरणादायी मिसाल लगातार सामने आ रही है। पिछले 10 दिनों में शहर में नौ देहदान हुए।



11 मई से 20 मई के बीच जिन लोगों के देहदान उनमें रमेश बिल्लोरे, जीवनसिंह गिल, शंकरलाल यादव, महेंद्र केकरे, हेमलता नाहर, रामचंद्र जैसवानी, शैला चौरड़िया, शिशुपाल जुनेजा और हेमंत चौहान शामिल हैं। सभी मामलों में देहदान से पहले विशेष रूप से आंखों और त्वचा का दान किया गया, ताकि जरूरतमंद लोगों को नई रोशनी और जीवन मिल सके। इसके बाद देह को मेडिकल शिक्षा और शोध कार्यों के लिए समर्पित किया गया। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार सभी देहदान के दौरान पुलिस टीम ने शासकीय सम्मान 'गार्ड ऑफ ऑनर' प्रदान किया। खास बात यह कि शैला चौरडिया के परिजनों ने सादगी बनाए रखने की भावना से यह सम्मान स्थगित करने का निर्णय लिया।

# प्रदेश में जल संरक्षण के कार्यों में श्रमदान कर मनेगा गंगा दशहरा

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन में भव्य शिप्रा तीर्थ परिक्रमा में चढ़ाएंगे 300 फीट की चुनरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण वर्तमान और भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता है, जिसके लिए समाज के हर वर्ग की सक्रिय सहभागिता अनिवार्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आह्वान किया है कि हिंदू संस्कृतिमें पूरी श्रद्धा के साथ मनाए जाने वाले गंगा दशहरा पर्व के पावन अवसर पर प्रदेश में संचालित 'जल गंगा संवर्धन अभियान' को व्यापक जनभागीदारी आधारित एक बड़ा जन-आंदोलन बनाया जाए। इसी दूरगामी विजन के अनुक्रम में सोमवार, 25 मई को प्रदेश के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में व्यापक जल संरक्षण गतिविधियों और भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे जन-जन को इस पुनीत कार्य से सीधे जोड़ा जा सके। सभी प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय जनप्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्र में जनसमुदाय और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से स्थानीय कुओं, नहरों, बावड़ियों और तालाबों की साफ-सफाई, घाटों की स्वच्छता और पुराने बंद पड़े बोरवेल के पास रिचार्ज पिट निर्माण जैसे जलसंरक्षण के कार्यों में श्रमदान के लिए प्रेरित करेंगे।





### जल स्रोतों के संरक्षण से जीवात्मा को मिलता है मोक्ष

धार्मिक और पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाने वाला गंगा दशहरा का पर्व मुख्य रूप से माँ गंगा के स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित होने की खुशी में मनाया जाता है, जिससे प्रकृति और जन-जीवन धन्य हुआ था। ऐसी गहरी आस्था है कि इस अत्यंत पवित्र दिन पर पवित्र नदियों में स्नान, श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चन और जल स्रोतों का संरक्षण करने से मनुष्य के दस तरह के पापों का नाश होता है और राजा भगीरथ के पूर्वजों की तरह ही जीवात्मा को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस पावन अवसर के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रदेशभर में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रमों को दो चरणों में विभाजित किया गया है, जिसके प्रथम चरण में जनसमुदाय और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से स्थानीय कुओं, नहरों, बावड़ियों और तालाबों की साफ-सफाई, घाटों की स्वच्छता तथा पुराने बंद पड़े बोरवेल के पास रिचार्ज पिट निर्माण जैसे श्रमदान के कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश को जलसमृद्धि की ओर ले जाने वाला यह महाअभियान एक युगांतकारी जल क्रांति का सर्वोतम उदाहरण बन कर उभरा रहा है।

**उज्जैन में भव्य 'शिप्रा तीर्थ परिक्रमा'- मुख्यमंत्री चढ़ाएंगे 300 फीट की चुनरी-** इसी कड़ी में, उज्जैन में गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा 25 और 26 मई को दो दिवसीय भव्य 'शिप्रा तीर्थ परिक्रमा' का आयोजन किया जा रहा है, जो व्यापक जनभागीदारी का एक अनुपम उदाहरण बनेगा। यह महत्वपूर्ण परिक्रमा रामघाट से प्रारंभ होकर नृसिंहघाट, कर्कराज मंदिर, वेधशाला, महामृत्युंजय द्वार और प्रशांतिधाम शनि मंदिर से होते हुए दत्तअखाड़ा घाट पहुंचेगी, जहां श्रद्धालु रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन, गंगा दशमी के अवसर पर यह परिक्रमा रणजीत हनुमान मंदिर, भैरवगढ़, सिद्धवट, मंगलनाथ, सांदीपनि आश्रम, गढ़कालिका और गोपाल मंदिर से होते हुए पुनः रामघाट पर पहुंचकर संपन्न होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा स्वयं माँ शिप्रा को 300 फीट की चुनरी अर्पित की जाएगी।

इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिए रामघाट पर पंडित ढोली बुवा द्वारा 17 मई से प्रतिदिन सायं 7:30 बजे 'हरिकथा' का गायन किया जा रहा है। दत्तअखाड़ा घाट पर आयोजित भजन संध्या में इंदौर के श्रेयश शुक्ला और जबलपुर की लोक गायिका संजो बघेल भजनों की प्रस्तुति देंगे। परिक्रमा के मुख्य आकर्षण के रूप में 26 मई को होने वाले मुख्य कार्यक्रमों में भारतीय नौसेना (इंडियन नेवी) के बैंड की शानदार प्रस्तुति होगी, जिसके साथ ही मुंबई के केशवम् बैंड द्वारा भजन जैमिंग और प्रसिद्ध लोक गायिका मैथिली ठाकुर एवं साथियों द्वारा भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियां दी जाएंगी।



# पति ने पत्नी का किया कन्यादान

## लुटेरी दुल्हन समेत 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी। ग्वालियर के झांसी रोड थाना क्षेत्र के नाका चंद्रवदनी इलाके में शादी के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। एक निजी अस्पताल में काम करने वाले युवक को गरीब लड़की बताकर जिस युवती से शादी कराई गई, वह पहले से शादीशुदा निकली।**

सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि जिस व्यक्ति ने भाई बनकर कन्यादान कराया, वही उसका असली पति निकला। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने लुटेरी दुल्हन समेत 7 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र का मामला दर्ज किया है। नाका चंद्रवदनी निवासी 35 वर्षीय रतन शर्मा जबलपुर के एक निजी अस्पताल के इमरजेंसी विभाग में टीम लीडर हैं। परिवार में पांच भाई हैं और किसी की भी शादी नहीं हुई थी। परिवार अच्छे रिश्ते की तलाश में था। इसी मजबूरी का फायदा पड़ोसी सोनू तिवारी ने उठाया। सोनू तिवारी ने रतन के भाई गोविंद को बताया कि मुरैना निवासी उसका दोस्त सोनू उर्फ अजय चौहान अपनी गरीब मुंहबोली बहन राधा उर्फ दीक्षा मुद्गल के लिए रिश्ता तलाश रहा है। भरोसा कर रतन की मां और भाई लड़की देखने पहुंचे। फोटो पसंद आने के बाद रिश्ता तय हो गया। रतन जबलपुर से ग्वालियर आया। 27 अप्रैल 2026 को आरोपी सोनू चौहान खुद को लड़की का भाई बताकर गोद भराई की रस्म भी करवाने पहुंचा। इसके बाद 7 मई को पाटनकर चौराहा स्थित सुखसागर होटल में हिंदू रीति-रिवाज से शादी कराई गई। शादी में करीब 7 लाख रुपए खर्च हुए। शादी में सोनू चौहान की मां माया देवी ने लड़की की मां बनकर कन्यादान किया। उसकी बहन शिल्पी, जीजा राघवेंद्र और भाई सत्येंद्र भी लड़की पक्ष बनकर शामिल हुए। शादी के बाद दुल्हन को विदा कर नाका चंद्रवदनी स्थित घर लाया गया।

# एक्ट्रेस ट्विशा का मौत के 12 दिन बाद अंतिम संस्कार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल में रिटायर्ड जज की बहू और एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की मौत के 12 दिन बाद रविवार को अंतिम संस्कार किया गया। भदभदा श्मशान घाट में एक्ट्रेस के भाई मेजर हर्षित ने ट्विशा को मुखाग्नि दी। इस दौरान ट्विशा की मां और परिवार रोते रहे। इससे पहले रविवार को ही दिल्ली AIIMS की टीम ने ट्विशा की डेडबॉडी का दोबारा पोस्टमॉर्टम किया। भोपाल AIIMS में करीब 3 घंटे चली प्रक्रिया के बाद टीम भोपाल से रवाना हो गई। 12 मई की रात भोपाल के कटारा हिल्स में ट्विशा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहा है, जबकि मायके पक्ष ने पति और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। नई दिल्ली AIIMS के फॉरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी विभाग के प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर कुमार गुप्ता ने बताया कि ट्विशा की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने में अभी कुछ समय लगेगा। उन्होंने कहा कि कुछ प्रयोगशाला जांच जैसे हिस्टोपैथोलॉजी और विसरा का एनालिसिस किया जाना बाकी है। AIIMS दिल्ली के वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम नमूने, फोटोग्राफ, वीडियो और लिखित निष्कर्षों के साथ सोमवार को लौटेगी।

## पूर्व मंत्री वर्मा बोले-

# मेहनती कार्यकर्ताओं की छाती पर मूंग दलने साउथ के नेताओं को भेजती है बीजेपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने राज्यसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला है। उन्होंने भाजपा की चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्यसभा एक पवित्र सदन है और इसका चुनाव पूरी ईमानदारी से होना चाहिए। वर्मा ने आरोप लगाया कि भाजपा को 'हॉर्स ट्रेडिंग' की आदत लग गई है और वह मध्य प्रदेश को 'चारागाह' की तरह इस्तेमाल कर रही है।



सज्जन सिंह वर्मा ने विशेष रूप से बाहरी नेताओं को प्रदेश से राज्यसभा भेजने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि भाजपा हाईकमान यहां के मेहनती कार्यकर्ताओं को दोयम दर्जे का मानता है। मुरुगन और कुरियन जैसे नेताओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जो नेता अपने प्रदेश में विधानसभा चुनाव हार चुके हैं, ऐसे 'हरल्लों' को मध्य प्रदेश से भेजकर भाजपा स्थानीय कार्यकर्ताओं की छाती पर मूंग दलने का काम कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मध्य प्रदेश कैडर के जमीनी व्यक्ति को ही राज्यसभा भेजा जाना चाहिए। वर्तमान संख्या बल के हिसाब से इन तीन सीटों के समीकरण दिलचस्प हैं। सज्जन सिंह वर्मा ने स्पष्ट किया है कि कांग्रेस अपनी एक सीट ईमानदारी से जीतना चाहती है, जबकि दो सीटें भाजपा के खाते में जाती दिख रही हैं। हालांकि, बाहरी बनाम स्थानीय के मुद्दे ने चुनाव से पहले राजनीतिक बहस छेड़ दी है।

# बाघ ने हमला कर महिला को मार डाला

**उमरिया, एजेंसी।** उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में शनिवार देर रात आंगन में सो रही महिला पर बाघ ने हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद बाघ ने दो अन्य ग्रामीणों पर भी अटैक कर दिया। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक, पनपथा बफर परिक्षेत्र के खेरबा टोला निवासी 48 वर्षीय फूलबाई की मौत हुई है। घायलों में दसैय्या और फुल्ला शामिल हैं। हमले के बाद बाघ घर के पास बैठा रहा और दहाड़ता रहा, जिससे दहशत फैल गई। वहीं टाइगर रिजर्व में आक्रोशित ग्रामीणों और वन विभाग की टीम से झड़प हो गई। ग्रामीणों ने टाइगर रिजर्व की टीम पर हमला कर दिया। सरकारी गाड़ी भी तोड़ दी। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है। टाइगर के रेस्क्यू की तैयारी भी की जा रही है।

# पोस्ट ऑफिस कर्मी का काटा गला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी।** छतरपुर जिले में शनिवार रात करीब साढ़े 9 बजे लवकुशनगर सिविल कोर्ट के पास एक युवक को बदमाशों ने मार डाला। हत्यारों ने धारदार हथियार से गला काट दिया। सांस नली कट जाने से युवक ने मौके पर दम तोड़ दिया। कार भी खून से सन गई। वारदात आक्टोहां तिराहा के पास की है। लवकुशनगर पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान 23 वर्षीय युवक केके गुप्ता के रूप में की गई है। वह पोस्ट ऑफिस में सरकारी नौकरी करता था। युवक के गले और शरीर के अन्य जगहों पर गंभीर चोट के निशान हैं। गले से खून ज्यादा बह जाने की वजह से जान चली गई।

## संपादकीय

### राफेल की नई हुंकार: पड़ोसियों को कड़ा संदेश

पाकिस्तान और चीन जैसे पड़ोसी देशों पर नकेल कसने के लिए भारत सरकार ने बड़ा फैसला लिया है।भारतीय वायु सेना को और मजबूत करने के लिए, 114 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए अनुरोध पत्र (एलओआर) को अंतिम रुप दे दिया है और इसे अगले कुछ हफ्तों में फ्रांस को भेजे जाने की उम्मीद है। यह घटनाक्रम भारतीय वायु सेना प्रमुख ए पी सिंह के अगले महीने की शुरुआत में फ्रांस दौरे से पहले सामने आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी जून के अंत में फ्रांस दौरे की उम्मीद है। भारतीय वायु सेना के पास पहले से ही 36 राफेल लड़ाकू विमान हैं। भारतीय नौसेना भी अगले कुछ वर्षों में विमानवाहक पोत संचालन के लिए 26 राफेल-एम विमान शामिल करने की तैयारी कर रही है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक 114 जेट विमानों में से लगभग 90 का निर्माण भारत में फ्रांसीसी एयरोस्पेस कंपनी डसॉल्ट एविएशन और एक भारतीय फर्म के बीच साझेदारी के माध्यम से किया जाएगा। शेष विमान उड़ान भरने की स्थिति में पहुंचेंगे। अधिकारियों का मानना है कि राफेल का निर्माण भारत में होने से लागत में कमी आ सकती है। इसके अलावा सद, प्रशिक्षण और रखरखाव की लागत कम करने में मदद मिलेगी क्योंकि भारत के पास पहले से ही इस विमान के लिए बुनियादी ढांचा और परिचालन प्रणालियां मौजूद हैं।

सैर सपाटा

# मप्र का इकलौता हिल स्टेशन है ये

**गर्मी में सुकून पाना तो बना लें प्लान, पैरेंट्स-बच्चे दोनों होंगे खुश**

अगर आप दिल्ली के नजदीक नहीं रहते तो उत्तराखंड के पहाड़ों पर जाने का बजट जेब ढीली कर सकता है। लेकिन तपती गर्मी से राहत पाने के लिए फैमिली वेकेशन बच्चों के साथ एंज्वॉय करना है तो पास ही में बने मध्य प्रदेश के इस इकलौते हिल स्टेशन की सैर पर निकल जाएं। जहां पहुंचन के बाद आपको जरा भी पछतावा नहीं होगा। यहां की सुरम्य वादियां और बाकी जगहों से कम तापमान बेस्ट समर वेकेशन साबित हो सकता है।



### मध्य प्रदेश का इकलौता हिल स्टेशन

हम बात कर रहे हैं मध्य प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी की, जहां की सुरम्य वादियां और हरे-भरे पहाड़ छुट्टियां बिताने की परफेक्ट डेस्टिनेशन बनाते हैं। यहां की हरियाली देखने के लिए दूर-दूर से टूरिस्ट हर साल आते हैं। हल्की बारिश के साथ यहां की हरियाली और पहाड़ों की खूबसूरती दो गुना बढ़ जाती है। बाकी जगहों से पचमढ़ी का तापमान पूरे 10 डिग्री तक कम होता है। तो छुट्टियां बिताने के लिए हुई ना ये परफेक्ट डेस्टिनेशन।

### एडवेंचर एक्टीविटीज का भी मिलेगा मजा

केवल नेचर के नजारे ही नहीं यहां पर कई तरह के एडवेंचर एक्टीविटीज भी करने के लिए मिल जाते हैं। ट्रैकिंग, हाइकिंग, कैम्पिंग और नेचर वॉक करने के लिए दूर-दूर से लोग यहां आते हैं। आउटडोर एक्टीविटी के लिए पचमढ़ी आइडियल डेस्टिनेशन है।

### मंदिर और गुफाओं की वजह से है पसंदीदा

पचमढी केवल सुहाने मौसम और पहाड़ों के लिए नहीं पसंद की जाती। यहां पर मंदिर और प्राचीन गुफाएं भी मिल जाती हैं। जो हिंदूओं की पौराणिक मान्यताओं को दिखाती हैं। पांडवों के काल की गुफाएं इस हिल स्टेशन पर मौजूद हैं। यहीं नहीं यहां पर बनी है जटा शंकर गुफा टेंपर जो यूनिक पत्थरों की आकृतियों से सजा है और भगवान शिव को समर्पित है। इसी वजह से ये हिल स्टेशन पैरेंट्स और बच्चों दोनों के साथ आने की परफेक्ट डेस्टिनेशन है।

### और भी घूमने के प्लेस मौजूद हैं

वहीं यहां पर मौजूद बी वाटरफाल, अप्सरा विहार, पांडव गुफाएं, धूपगढ़ हाइएस्ट प्वाइंट है। जहां पर लोग सनराइज और सनसेट देखने के लिए जाते हैं।

**कैसे पहुंचे पचमढ़ी**

वैसे तो पचमढ़ी पूरी तरह से रोड से कनेक्टेड है और आप किसी भी बस या टैक्सी से आराम से पहुंच सकते हैं। वहीं बात करें ट्रेन की तो यहां का नजदीकी रेलवे स्टेशन पिपरिया रेलवे स्टेशन है और भोपाल का राजा भोज एयरपोर्ट सबसे नजदीकी एयरपोर्ट,जहां से लगभग 200 किमी दूर ये हिल स्टेशन बना है।

New Delhi

# डीजल के दाम कई राज्यों में ₹100 के पार, चुनाव के बाद पेट्रोल करीब 8 रुपये लीटर हुआ महंगा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** चुनाव के बाद पेट्रोल-डीजल की कीमतों में ताबड़तोड़ बढ़ोतरी जारी है। पिछले 12 दिनों में पेट्रोल और डीजल करीब 8 रुपये महंगे हो चुके हैं। अधिकतर राज्यों में अब पेट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। जबकि, डीजल आंध्र प्रदेश , बिहार, झारखंड, केरल, मध्यप्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में 100 रुपये प्रति लीटर के पार पहुंच गया है।

बता दें मार्च 2024 से देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। लोकसभा चुनाव 2024 से ठीक पहले सरकार ने कीमतों में 2 प्रति लीटर की कटौती



कर जनता को राहत दी थी। अब मई के महीने में महंगाई के लगातार झटके लग रहे हैं। ईंधन की कीमतों में इस महीने में यह चौथी बढ़ोतरी है। 25 मई को पेट्रोल 2.61 प्रति लीटर और डीजल 2.71 प्रति लीटर महंगा हो गया। इससे पहले 23 मई को पेट्रोल 87 पैसे, डीजल 91 पैसे महंगा किया गया था। जबकि, 19 मई को पेट्रोल और डीजल के दामों में एवरेज 90 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी। 15 मई को भी कीमतों में 3 प्रति लीटर का भारी इजाफा किया गया था। उत्तर प्रदेश में 1 लीटर पेट्रोल की कीमत 102.76 और पश्चिम बंगाल में 114.20 पर पहुंच गई है। आंध्र प्रदेश में पेट्रोल 117.35 वहीं, असम में 106.21, मध्य प्रदेश में 115.77,बिहार में 114.79, राजस्थान में 113.93 प्रति लीटर पर पहुंच गया है।

Uttarpradesh

## कानपुर में रोड रेज में डबल मर्डर, बाइक टकराने पर युवकों ने बाप-बेटे को मार डाला



**कानपुर, (एजेंसी)** यूपी के कानपुर से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां किदवई नगर में बाईपास के पास बाइकें टकराने को लेकर रविवार रात को हुए मामूली विवाद में पिता-पुत्र की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। बीच सड़क हुए डबल मर्डर से सनसनी फैल गई। बाइक सवार तीन युवकों ने पहले पिता और उसके दो पुत्रों पर ताबड़तोड़ हेलमेट से वार किए। इसी बीच अचानक चाकू से हमला कर दिया। हमले में एक बेटा पीठ पर चाकू लगने से घायल हुआ है। लोगों ने एक आरोपी को पकड़कर जमकर पीटा और पुलिस के हवाले कर दिया। दो आरोपी फरार हैं, पुलिस जिनकी तलाश में दबिश दे रही है। सनिगवां में सजारी के रहने वाले शिवनारायण त्रिवेदी अपने बेटों शिवम व सत्यम के साथ किदवईनगर स्थित कनक मार्बल में काम करते हैं। रविवार रात शिवनारायण काम खत्म कर दुकान से अपने दोनों बेटों के बाइक से घर के लिए निकले थे। करीब नौ बजे बाईपास के पास वृंदावन लॉन के सामने आग चल रही अपाचे बाइक से उनकी बाइक टकरा गई। सत्यम ने बताया कि इसी बात पर बाइक सवार तीन युवकों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध पर दोनों ने उन पर हेलमेट से हमला शुरू कर दिया। फिर एक ने कमर से चाकू निकाल पिता शिवनारायण की छाती, भाई शिवम के पेट व उसकी पीठ में घोंप दिया। इससे दोनों लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े।

Uttarpradesh

## दूल्हे को गोलियों से भूनने वाला 1 लाख का इनामी रवि यादव एनकाउंटर में ढेर, हाईवे पर फिल्मी अंदाज में की थी हत्या

**जौनपुर, (एजेंसी)** जौनपुर में शादी के लिए फूलों से सजी कार में जा रहे दूल्हे आजाद बिंद की हाईवे पर गोलियों से हत्या करने के आरोपी और एक लाख रुपये के इनामी रवि यादव को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया. हालांकि इस चर्चित हत्याकांड के दो आरोपी अब भी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है. इस मुठभेड़ में खेतासराय थाने के इंस्पेक्टर के.के. सिंह भी घायल हो गए. उनके हाथ में गोली लगी है, जबकि एक अन्य पुलिसकर्मी की बुलेटप्रूफ जैकेट पर भी गोली लगी. 1 मई की शाम जौनपुर के सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के बड़अउर गांव में शादी का माहौल था. घर में ढोल-नगाड़े बज रहे थे. रिश्तेदार और बाराती खुशी में डूबे थे. दूल्हा आजाद बिंद फूलों से सजी कार में बैठकर बारात लेकर निकला था. आजाद की शादी खेतासराय थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव निवासी सोनी बिंद से तय हुई थी. घर से करीब 10 किलोमीटर दूर दुल्हन का गांव था. परिवार और गांव वालों को क्या पता था कि यह सफर उसकी जिंदगी का आखिरी सफर बन जाएगा. बारात जैसे ही घर से करीब पांच किलोमीटर दूर हाईवे पर पहुंची, पहले से घात लगाए बदमाशों ने हमला कर दिया.

New Delhi

## शरिया का फायदा उठा मुसलमानों से 3 हजार करोड़ रुपये की ठगी! नौहेरा शेख पर ED का क्या दावा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** शरिया कानून के मुताबिक ब्याज (रिबा) कमाना हराम होता है और कई मुसलमान इस वजह से अपना पैसा बैंकों में भी जमा नहीं कराते हैं। ऐसे ही मुसलमानों को टारगेट करके एक महिला ने 6 हजार करोड़ रुपये जुटा लिए और 3000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की। लालच दिया जाता था कि शरिया के नियमों का पालन करते हुए निवेश पर सालाना 36 फीसदी का मुनाफा मिलेगा। शुरुआत में कुछ लोगों को इसी तरह मोटा मुनाफा देकर विश्वास जीता गया और फिर हजारों करोड़ रुपये डकार लिए गए।

पीटीआई के मुताबिक, ईडी ने कहा कि शेख, हीरा ग्रुप ऑफ कंपनीज और अन्य पर 36 प्रतिशत से अधिक वार्षिक मुनाफे का वादा करके लोगों से 5,978 करोड़ रुपये से अधिक की रकम जुटाने का आरोप है। हालांकि, वे मूल राशि भी वापस करने में विफल रहे जिससे 1.72 लाख से अधिक



निवेशकों से 3,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई। टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट में ईडी की अब तक की जांच और अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि पिछले सप्ताह गुरुग्राम से गिरफ्तार की गई नौहेरा शेख ने शरिया कानून के मुताबिक मुसलमानों को निवेश और भारी मुनाफे का लालच दिया था और हजारों करोड़ रुपये जुटा लिए।

खेल

# राजस्थान सातवीं बार IPL के प्लेऑफ में, एलिमिनेटर में हैदराबाद से सामना, पंजाब-केकेआर का सफर समाप्त

**मुंबई, (एजेंसी)** राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2026 के प्लेऑफ में जगह बना ली है। राजस्थान ने ग्रुप चरण के अपने आखिरी मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 30 रन से हराया और इसके साथ ही वह प्लेऑफ में पहुंचने वाली चौथी टीम बन गई है। मौजूदा सीजन में आरसीबी, गुजरात, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान ने प्लेऑफ में जगह बनाई है। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 205 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 175 रन ही बना सकी।

राजस्थान की जीत ने पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के दरवाजे बंद कर दिए हैं। राजस्थान के 14 मैचों में आठ जीत और छह हार के साथ 16 अंक हो गए और वह प्लेऑफ में पहुंचने वाली चौथी टीम बनी। प्लेऑफ की दौड़ से पहले से ही बाहर मुंबई इंडियन्स का अभियान नौवें स्थान पर खत्म हुआ। पंजाब के 14



मैचों में सात जीत, छह हार और एक बेनजीता के साथ 15 अंक ही रहे और वह प्लेऑफ में जाने से चूक गई। पंजाब ने टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की थी और वह शुरुआती सात मैचों में अजेय भी थी, लेकिन दूसरे चरण में टीम की लय बिगड़ गई। केकेआर को भी उम्मीद थी, लेकिन राजस्थान की जीत ने पंजाब और केकेआर दोनों टीमों की उम्मीद खत्म कर दी।

आईपीएल 2026 का सीजन अब समाप्ति की ओर है। प्लेऑफ की सभी चार टीमें तय हो गई हैं। पहले स्थान पर गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) है, जबकि दूसरे नंबर पर गुजरात है। आरसीबी और गुजरात के बीच 26 मई को धर्मशाला में क्वालिफायर-1 खेला जाएगा, जबकि 27 मई को राजस्थान रॉयल्स का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से एलिमिनेटर में मुल्लांपुर में होगा। क्वालिफायर-1 जीतने वाली टीम सीधे फाइनल के लिए क्वालिफाई करेगी, जबकि हारने वाली टीम एलिमिनेटर की विजेता से क्वालिफायर-2 में भिड़ेगी।

राजस्थान की टीम आईपीएल इतिहास में सातवीं बार प्लेऑफ में पहुंची है।

राजस्थान की टीम 2008, 2013, 2015, 2018, 2022 और 2024 में प्लेऑफ में पहुंच चुकी है।

राजस्थान ने 2008 में खिताब जीता था, जबकि टीम 2022 में उपविजेता रही थी।

लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने 38 रन पर ही चार विकेट गंवा दिए। इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने विल जैक्स के साथ मिलकर मुंबई को संभाला। इन दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 63 रनों की साझेदारी की। जैक्स के आउट होने के बाद भी सूर्यकुमार ने मोर्चा संभाले रखा और हार्दिक के साथ 48 रन जोड़े। सूर्यकुमार ने अर्धशतक लगाया, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। मुंबई के सिर्फ पांच ही बल्लेबाज दहाई अंक तक पहुंच सके। मुंबई इंडियंस के लिए सूर्यकुमार यादव ने 42 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से सबसे ज्यादा 60 रन बनाए।

सिनेमा

## बोनी कपूर ने PM मोदी की तारीफ में कहा- मौजूदा हालात को वे बहुत अच्छे से संभाल रहे, भारत में रहने पर है गर्व



फिल्ममेकर बोनी कपूर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की जमकर तारीफ की है। उन्होंने इस तारीफ के साथ कहा है कि उन्हें भारत में रहने पर गर्व महसूस होता है। फिल्म प्रड्यूसर ने चुनौतीपूर्ण समय में सरकार के मजबूत नेतृत्व को लेकर भी आभार जताया है। पिछले दिनों बोनी कपूर दिल्ली में हरिंदर सिंह सिक्का की किताब 'द चाबीमास्टर' के लॉन्च पर मौजूद थे। इसी मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को उनके सशक्त नेतृत्व के लिए सफल बताया। बोनी कपूर ने एएनआई से बात करते हुए कहा, 'मुझे डिफेंस, पूरे देश और हर चीज का प्रबंधन करने वाले पर गर्व है। मुझे भारत पर गर्व है और भारतीय होने पर गर्व है। मुझे खुशी है कि मैं ऐसे समय में जी रहा हूं जहां हम सुरक्षित हैं और पूरी तरह से सुरक्षित हैं। प्रधानमंत्री मोदी एक सफल नेता हैं और उन्होंने कोविड, युद्ध, ऑपरेशन सिंदूर, पुलवामा, उरी या किसी भी अन्य संकट के दौरान देश का बखूबी नेतृत्व किया है। मौजूदा हालात को भी वे बहुत अच्छे से संभाल रहे हैं। पूरी दुनिया देश और मानवता के प्रति उनके योगदान को स्वीकार करती है।'

## Highlights

1. Realtor from Kerala arrested for sexual assault of college student
2. Bengaluru to restart stray dog microchipping during sterilisation
3. Rabid stray dog attacks pedestrians in Karjat
4. Google techie says 4 km Bengaluru commute took him 45 minutes
5. ₹1.8 lakh watch of deceased man goes missing at Bengaluru hospital
6. Fuel prices cross ₹100 in Delhi after 4th hike

# India Post, Flipkart partner for last mile delivery services



**NEW DELHI, (Agency).** In a major step towards strengthening India's e-commerce logistics ecosystem and enhancing last mile delivery capabilities across the country, the Department of Posts (DoP), Ministry of Communications and Flipkart India have signed an agreement for last mile parcel delivery services.

The partnership aims to leverage the unparalleled reach and trusted delivery network of the Department of Posts along with Flipkart's strong presence in India's e-commerce sector to provide efficient, reliable and customer-centric parcel delivery solutions across the country.

Under the Agreement, the Department of Posts will provide last mile delivery services for Flipkart shipments across India.

Under the agreement, Flipkart will leverage India Post's extensive nationwide network to strengthen parcel delivery services across urban, semi-urban and rural markets. The partnership will also enable deeper penetration into remote and underserved regions, enhancing last-mile connectivity for customers across the country.

The collaboration will provide a comprehensive range of delivery solutions, including the transportation of prepaid and cash-on-delivery (COD) shipments. Additional features such as OTP-based delivery authentication and real-time shipment tracking are expected to improve transparency, reliability and security throughout the delivery process.

# Noida Roads To Get Rs 256 Crore Boost By UP Govt

**NEW DELHI, (Agency).** The ambitious proposal aims to improve connectivity, reduce congestion, strengthen road safety, and support the rapidly growing urban and industrial ecosystem in the region.

Officials said the projects include widening and strengthening nearly 79 km of roads, along with construction of rural roads and minor bridges across different parts of the district.

The proposal comes at a time when Noida and Greater Noida are witnessing explosive growth in residential projects, industrial parks, data centers, logistics hubs, and expressway-driven development.



Why Gautam Budh Nagar Needs Massive Road Expansion

Gautam Budh Nagar has become one of India's fastest-growing infrastructure and real estate zones.

The district now hosts:

Noida-Greater Noida Expressway corridor

Jewar International Airport influence zone

Multiple IT parks and industrial hubs

Rapid metro expansion

Warehousing and logistics clusters

Data center investments

New residential townships

As population and commercial activity continue increasing rapidly, road infrastructure pressure has also intensified significantly.

Traffic congestion, heavy freight movement, urban expansion, and rising vehicle ownership are now creating major transportation challenges across several corridors.

Experts believe continuous road expansion has become essential for sustaining economic growth in the NCR region.

Yogi Government Pushing Aggressive Infra Expansion

The latest proposal also reflects the Uttar Pradesh government's larger infrastructure strategy under Chief Minister Yogi Adityanath.

# बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने क्रूरता पूर्वक मवेशी भरे 5 वाहन पकड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लसूड़िया इलाके में बजरंग दल के लोगों ने करीब पांच आयशर वाहनों को रोका। इनमें क्रूरता पूर्वक मवेशी भरे हुए थे। बजरंग दल ने मौके पर हंगामा किया। बाद में पुलिस ने इस मामले में आयशर वाहन चालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।**

पुलिस ने बायपास पर एक्जोटिका होटल के सामने ब्रिज के ऊपर से मवेशियों से भरे पांच वाहनों को रोककर जब्त किया। इस मामले में बजरंग दल के कार्यकर्ता महेंद्र मोरी, निवासी ग्राम कदवाली खुर्द, की शिकायत पर शनिवार को शकील खान, जाकिर खान, जावेद खान, सईद खान व अन्य के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। महेंद्र मोरी के मुताबिक रात 8 बजकर 15 मिनट पर वाहन (MP09-GJ8684), वाहन (MH18-BG7265), वाहन (MH24-AU2625), वाहन (MH18-BG7807) और वाहन (MH18-BH6565) में बड़ी संख्या में मवेशी भरे हुए मिले। जब बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने इन्हें रोका तो सभी ने वाहन भगाने की कोशिश की। कुछ दूरी पर रोकने के बाद कार्यकर्ताओं ने देखा कि वाहनों में जानवरों को अत्यधिक तंगी में, हवा और स्थान के अभाव में ठूंसकर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने सभी वाहनों को कब्जे में लेकर मवेशियों को नगर निगम को सौंप दिया। यहां से उन्हें सुरक्षित स्थान पर भिजवाया गया है। पुलिस के मुताबिक सभी के पास मवेशियों को लाने-ले जाने संबंधी दस्तावेज नहीं थे। हालांकि पुलिस सभी से पूछताछ कर रही है।

# खेलते-खेलते पानी की टंकी में गिरा मासूम, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। खुड़ैल थाना क्षेत्र के ग्राम जामनिया खुर्द में साढ़े तीन साल का हार्दिक (अनमोल) पिता ललित लोवंशी घर के बाहर खेलते-खेलते पानी की खुली टंकी में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई।**



जानकारी के अनुसार, बच्चा शनिवार शाम के समय घर के बाहर खेल रहा था, तभी वह अचानक पानी की टंकी में गिर गया। काफी देर तक बच्चा नजर नहीं आने पर उसकी मां ने उसे ढूंढना शुरू किया। जब कहीं पता नहीं चला तो परिजनों की नजर खुली पानी की टंकी पर पड़ी। झांककर देखने पर बच्चा पानी में पड़ा दिखाई दिया। परिजन तुरंत उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। आगे की जांच खुड़ैल पुलिस द्वारा की जा रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक